हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 300 देहरादून, मंगलवार, 31 मई, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



जांबाज बीएसएफ है तभी देश की सीमाएं और हम सुरक्षित है : सतपाल महाराज 3

## सोमवती अमावस्या पर टूटा कुंभ का रिकॉर्ड

# 34 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। सुबह से लेकर शाम तक हरकी पैड़ी समेत गंगा घाटों पर हुजूम रहा। 34 लाख श्रद्धालुओं के गंगा में आस्था की डुबकी लगाने से 2021 कुंभ में सोमवती अमावस्या के शाही स्नान की भीड़ का रिकॉर्ड भी टूट गया। हरकी पैड़ी श्रद्धालुओं से ठसाठस भरी रही। श्रद्धालुओं ने स्नान और पूजन कर दान-पुण्य किया। ब्राह्मणों को दक्षिणा दी और गरीबों को भोजना कराया।

सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान का अलग महत्व है। बाहरी प्रदेशों से श्रद्धालुओं ने रविवार की रात से ही हरिद्वार में डेरा जमा लिया था। गंगा घाटों पर रात 12 बजे से चहल पहल शुरू हो गई थी। सुबह चार बजे से हरकी पैड़ी और अन्य गंगा घाटों पर हर-हर गंगे के जयघोष के साथ डुबकी लगानी शुरू हो गई। कोरोना काल के बाद गंगा घाट पर यह पहला ऐसा स्नान हुआ जिसमें अपार भीड़ उमड़ी। उत्तर प्रदेश सहित हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत देश के अन्य राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और गंगा में डुबकी लगाई।

हरकी पैड़ी पर सुबह चार बजे से रात आठ बजे तक पैक रही। शाम की आरती में बैठना तो दूर खड़े होने तक की जगह नहीं मिली। कांगड़ा घाट, महिला घाट, मालवीय द्वीप घाट, शिवघाट, सुभाष घाट, गोविंदपुरी घाट, ऋषिकुल घाट, महर्षि कश्यप घाट, प्रेमनगर आश्रम घाट भी स्नान करने वाले श्रद्धालुओं से पैक रहे। पुलिस के मुताबिक करीब 34 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पिछले साल कुंभ में सोमवती अमावस्या के शाही स्नान पर 31 लाख 23 हजार श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई थी। जबकि कुंभ में ही महाशिवरात्रि के शाही स्नान पर भी 32 लाख 37 हजार श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया था। सोमवार को सोमवती अमावस्या स्नान में श्रद्धालुओं ने कुंभ के शाही स्नानों की भीड़ को भी पीछे छोड़ दिया।

स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान किए। मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देकर भोजन भी कराया। भोर के साथ ही गंगा के तट पर स्थित देवालय में घंटे घड़ियालों के स्वर गुंजायमान रहे। श्रद्धालुओं ने तीर्थ पुरोहितों के माध्यम से विधि-विधान पूर्वक अपने पितरों का तर्पण कराया। बालक-बालिकाओं के मुंडन संस्कार भी संपन्न हुए। सोमवती अमावस्या पर्व के चलते तीर्थ पुरोहितों कि काफी व्यस्तता रही। उनके चेहरे खिले हुए नजर आए।

देवपुरा चौक स्थित नारायणी शिला मंदिर पर सुबह तीन बजे से ही लोग लाइनों में लगना शुरू हो गए थे। सुबह पांच बजे जैसे ही मंदिर के कपाट खुले तो श्रद्धालुओं ने पितर अमावस्या पर पिंडदान व तर्पण आदि कार्य कराए। इसके साथ ही स्थानीय श्रद्धालुओं ने दूध व काले तिलों से नारायणी शिला पर अभिषेक पर देव-पितरों से आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की।



धर्मनगरी के बाजार सुबह सात बजे के बाद ही खुलने शुरू होते हैं और रात में 12 बजे बंद होते हैं। मगर सोमवार की सुबह तीन बजे से ही अपर रोड समेत अन्य बाजारों में दुकान खुलनी शुरू हो गई थी। सुभाषघाट पर तो रात भर दुकानें खुली रहीं।

हरकी पैड़ी पर आयोजित होने वाली संध्याकालीन आरती का स्वरूप भव्य होने के बाद सोमवती अमावस्या स्नान पर्व के अवसर पर भी शाम के समय भारी भीड़ रही। संध्या कालीन आरती में शामिल होने के बाद अधिकतर श्रद्धालु अपने गतव्यों की तरफ लौट गए।

गंगा में स्नान करने के लिए जो लोग हरिद्वार नहीं जा सके। उन लोगों ने क्षेत्र में ही गंगनहर के घाटों पर स्नान किया। हरिद्वार में भारी भीड़ के चलते लोगों ने स्नान के लिए गंग नहर को चुना। धनौरी, पिरान कलियर से होकर निकलने वाली गंग नहर में कई स्थानों पर लोग स्नान करते दिखे। सोमवती अमावस्या के दिन गंगा में स्नान का बड़ा महत्व है लेकिन भारी भीड़ के चलते लोग हरिद्वार नहीं जा सके। हरिद्वार में हर की पैड़ी की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया था। जिसके चलते लोगों ने नहर में ही स्नान किया।

# गैरसैंण नहीं देहरादून में होगा बजट सत्र
## 10 जून को राज्यसभा के लिए चुनाव





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड विधानसभा सत्र के लिए उत्तराखंड विधानसभा की तरफ से कार्यक्रम आ गया है। जैसा कि अंदेशा जताया जा रहा था वैसा ही हुआ है और अब उत्तराखंड विधानसभा सत्र 14 जून से लेकर 20 जून देहरादून विधानसभा में ही आहूत किया जाएगा.

इसके पहले उत्तराखंड विधानसभा के सत्र को गैरसैंण में आहूत करने की बात कही जा रही थी, लेकिन चारधाम यात्रा में उमड़ी भीड़ के बाद फैली अव्यवस्था के कारण सरकार ने इस पर दोबारा से विचार किया और अब उत्तराखंड विधानसभा सत्र 14 जून से लेकर 20 जून तक देहरादून विधानसभा में ही आहूत किया जाएगा.

पहले धामी सरकार ने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधान भवन में सात जून से विधानसभा सत्र आहूत करने पर सरकार ने सहमति जताई थी. अब सरकार को इस संबंध में पुनर्विचार को विवश होना पड़ रहा है. इसका बड़ा कारण चारधाम यात्रा को बताया जा रहा है. दरअसल, कोरोना महामारी के कारण दो साल बंद रही चारधाम यात्रा इस बार प्रारंभ हुई तो देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे.हालत यह है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चारधाम यात्रियों के लिए पोर्टल पर पहले पंजीकरण कराने और फिर अनुमति मिलने के बाद ही दर्शन करने को कहा जा रहा है. चारधाम यात्रा के बीच सात से 14 जून तक गैरसैंण में प्रस्तावित विधानसभा सत्र को लेकर सरकार को पुनर्विचार करना पड़ रहा है. यात्रा व्यवस्था से जुड़े पुलिस व प्रशासन के अधिकारी गैरसैंण में विधानसभा सत्र के समय को उचित नहीं मान रहे हैं.10 जून को राज्यसभा के लिए चुनाव होना है. यह चुनाव गैरसैंण के स्थान पर देहरादून में ही होना है. पूर्व में इसकी अधिसूचना जारी हो चुकी है. इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड विधानसभा सत्र का समय और जगह दोनों बदल गए हैं. अब उत्तराखंड विधानसभा सत्र 14 जून से लेकर 20 जून तक देहरादून में आहूत होगा.

# पंजाबी गायक की हत्या के मामले में पंजाब पुलिस की देहरादून में दबिश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या मामले में पंजाब पुलिस ने देहरादून में दबिश दी। मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। शिमला बायपास रोड स्थित नया गांव में स्थानीय पुलिस और एसटीएफ भी इस कार्रवाई में शामिल रहे। युवक को हत्यारों का मददगार बताया जा रहा है।

अब तक मिली जानकारी के अनुसार युवक हेमकुंड साहिब की यात्रा के बहाने प्रदेश में दाखिल हुआ है। वह अपने कुछ साथियों के साथ हेमकुंड साहिब की यात्रा से लौट रहा था। तभी वह पुलिस के हत्थे चढ़ा। पंजाब पुलिस युवक को अपने साथ ले गई है।

■ **हत्यारों का एक मददगार हिरासत में**

आरोप है कि युवक ने हत्यारों को गाड़ी मुहैया कराई थी। इस मामले में पंजाब पुलिस अपने यहां ही खुलासा करेगी। वहीं देहरादून में फिलहाल कोई अधिकारी इस मामले में बयान नहीं दे रहा है।

# पिछले 24 घंटे में मिले सात नए संक्रमित
## प्रदेश में अब 69 एक्टिव केस

देहरादून। प्रदेश में बीते 24 घंटे में कोरोना के सात नए मरीज मिले हैं। दो मरीजों के ठीक होने के बाद प्रदेश में 69 एक्टिव केस रह गए हैं। रविवार को सामने आए सात मामलों में पांच देहरादून और दो रुद्रप्रयाग के हैं। अन्य किसी भी जिले में कोरोना का कोई मामला पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड नहीं हुआ। दूसरी ओर, रविवार को प्रदेश में 3585 लोगों को कोविड वैक्सीन दी गई। इससे पहले शनिवार को प्रदेश के दो जिलों में पांच नए कोरोना संक्रमित मिले थे, जबकि 17 मरीज ठीक हुए थे। तीसरी लहर में कुल संक्रमितों की संख्या 92780 हो गई है। शनिवार को 1305 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। जबकि देहरादून जिले में तीन, उत्तरकाशी जिले में दो लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। कोरोना मरीजों की कोई मौत नहीं हुई है। संक्रमितों की तुलना में 17 मरीजों ने संक्रमण को मात दी है। इन्हें मिला कर 89178 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमितों से अधिक मरीज ठीक होने से सक्रिय मामले लगातार कम हो रहे हैं। 10 जिलों में 64 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। इसमें अधिकतर संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं।

# डॉ.कल्पना सैनी के चयन ने उत्तराखंड से भाजपा उम्मीदवारों को फिर चौंकाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में राज्यसभा की एक सीट पर होने वाले चुनाव के लिए भाजपा ने डॉ.कल्पना सैनी को प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने उनके नाम की घोषणा की है। डॉ. कल्पना ने प्रत्याशियों की दौड़ में शामिल पूर्व सीएम त्रिवेंद्र और पूर्व विधायक गहतोड़ी समेत कई दिग्गजों को पछाड़ा है। रुड़की निवासी डॉ.कल्पना सैनी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष हैं।

प्रदेश में राज्यसभा की सीट के लिए 10 जून को चुनाव होना है। भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाने के लिए कई लोगों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजे गए थे। जिसमें पैनल में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, राज्य पिछड़ा आयोग की अध्यक्ष डॉ.कल्पना सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला, भाजपा अनुशासन समिति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केदार जोशी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्यामवीर सैनी, पूर्व विधायक आशा नौटियाल, राष्ट्रीय एससीएसटी आयोग की पूर्व सदस्य स्वराज विद्वान, पूर्व विधायक कैलाश चंद गहतोड़ी आदि के नाम शामिल थे।

पार्टी हाईकमान ने इनमें से डॉ.कल्पना सैनी को राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किया है। वो 31 मई को अपना नामांकन करेंगी। बता दें कि डॉ.कल्पना सैनी के परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है। पिता पूर्व विधायक स्व.पृथ्वी सिंह उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह सरकार में सिंचाई राज्यमंत्री रहे हैं।







**डॉ.कल्पना सैनी को निर्विरोध चुना जाना तय**

राज्यसभा के लिए खाली हो रही एक सीट पर यदि कांग्रेस अपना प्रत्याशी नहीं उतारती है तो भाजपा की प्रत्याशी डॉ.कल्पना सैनी का निर्विरोध चुना जाना तय है। इसके बाद उनकी जीत की औपचारिक घोषणा मात्र शेष रह जाएगी। दरअसल, राज्यसभा चुनाव में जीत का पूरा गणित भाजपा के ही पक्ष में है। विधानसभा में भाजपा के 47 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के 19 और दो निर्दलीय विधायक हैं। जीत हासिल करने के लिए भाजपा के पास बहुमत है।

# बीजेपी नेता सुरेश जोशी की बेटी दीक्षा जोशी को सिविल सेवा परीक्षा में पूरे देश में 19वां स्थान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क


उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने सिविल सेवा परीक्षा 2021 में सफल घोषित उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। विधानसभा अध्यक्ष ने विशेष तौर पर भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखंड के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी की बेटी दीक्षा जोशी को सिविल सेवा परीक्षा में पूरे देश में 19वां स्थान प्राप्त करने पर अपनी बधाई दी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दीक्षा जोशी ने उत्तराखंड का नाम देश में ऊंचा किया है, उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली उपलब्धि उत्तराखंड की बेटी के कठोर परिश्रम, अटूट ध्येयनिष्ठा व धैर्य का प्रतिफल है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में भी देश की बेटियों ने अपना परचम लहराया है। उन्होंने सभी सफलतम उम्मीदवारों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ प्रशासनिक पद पर देश की सेवा करने का आह्वान किया है।

आपको बता दें कि दीक्षा जोशी ने तीसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। दीक्षा की इस उपलब्धि से उसके परिवार में खुशी की लहर है। दीक्षा जोशी की यूपीएससी में 19वी रैंक आने पर उनके माता-पिता ने गर्व महसूस करते हुए इसे पूरे ज़िले और उत्तराखंड के लिए खुशी की बात बताया है।

# पीएम मोदी ने किया पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना में पात्र बच्चों को फंड ट्रांसफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को सशक्त बनाने के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के माध्यम से पात्र बच्चों को फंड ट्रांसफर किए। इस योजना के तहत अनाथ बच्चों के बैंक खातों में पीएम केयर्स फंड से छात्रवृत्ति भेजी गई। सरकार ने यह योजना पिछले साल 29 मई को लांच की थी। इसके तहत 11 मार्च, 2020 से 28 फरवरी, 2022 के बीच कोरोना महामारी के चलते अपने माता-पिता, कानूनी अभिभावक, दत्तक माता-पिता या माता या पिता में से किसी एक को खोने वाले बच्चों की मदद की जाती है।

एनआईसी सभागार देहरादून में पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थी बच्चों को जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने पासबुक एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने कहा कि पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लभार्थियों को माननीय प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप पीएम केयर से आच्छादित सभी बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति, उच्च कक्षाओं में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की असुविधा होने नही दी जाएगी। एनआईसी सभागार आराध्या राना, अभिषेक गौड़, प्रिया जोशी, रिया भट्ट, सानवी राना, सम्राज सूद, शौर्य सूद, विवेक भट्ट को पासबुक एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

आपको बता दें कि पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना बच्चों को प्रॉफेशनल कोर्स के लिए उच्च शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन चाहिए होगा, तो पीएम केयर्स उसमें भी मदद करेगा साथ ही रोजमर्रा की दूसरी जरूरतों के लिए अन्य योजनाओं के माध्यम से उनके लिए 4 हजार रुपए हर महीने की व्यवस्था भी की गई है। ऐसे बच्चे जब अपने स्कूल की पढ़ाई पूरी करेंगे, तो आगे भविष्य के सपनों के लिए और भी पैसों की जरूरत होगी। इसके लिए 18 से 23 साल के युवाओं को हर महीने स्टाइपेंड मिलेगा और जब आप 23 साल के होंगे तब 10 लाख रुपये बच्चों को एक साथ मिलेंगे।

योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को 20 हजार रुपये की स्कालरशिप दी जाती है। इसके अलावा बच्चों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पीएम केयर्स फार चिल्ड्रेन पासबुक और हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया जाएगा। एनआईसी सभागार में इस दौरान महापौर नगर निगम देहरादून सुनील उनियाल गामा, स्थानीय विधायक खजानदास, जिला बाल विकास अधिकारी अखिलेश मिश्रा, सहित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सहित बच्चों के परिजन एवं अधिकारी, कार्मिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जांबाज बीएसएफ है तभी देश की सीमाएं और हम सुरक्षित है : सतपाल महाराज

## बीएसएफ के सहयोग के बिना साहसिक पर्यटन संभव नहीं : महाराज





आशीष तिवारी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखण्ड में पर्यटन गतिविधियों को संचालित करने में पर्यटन विभाग को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स का सहयोग हमेशा मिलता रहा है। बिना बीएसएफ के सहयोग के साहसिक पर्यटन संभव नहीं है।ये बातें प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, मंत्री सतपाल महाराज ने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जांबाज़ जवानों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित डेयर डेविल शो के शुभारम्भ अवसर पर कही।

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों द्वारा आयोजित डेयर डेविल शो मेमंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार द्वारा आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष मे मनाया जा रहा है। इस महोत्सव की शुरूआत 15 अगस्त 2021 से की गई और 15 अगस्त 2023 तक यह महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होने कहा कि इसी कड़ी में बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स भी अपने स्तर पर इस महोत्सव को मना रहा है। बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जांबाज मोटर साइकिल टीम ने बीएसएफ इन्स्टीटयूट ऑफ एडवेंचर एंड एडवास ट्रेनिग देहरादून के मार्गदर्शन में देहरादून की इस पावन धरा पर डेयर डेविल शो का आयोजन कर अपने शोर्य और जाबाजी का अदभुत प्रदर्शन किया गया।

महाराज ने कहा कि बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जाबाजों द्वारा मोटरसाइकिल पर किए गए हैरत अंगेज प्रदर्शन एवं बीएसएफ बैण्ड की मधुर ध्वनी सीमा प्रहरियों के अदम्य साहस और शौर्य का जीवित उदाहरण है। प्रदर्शन के दौरान सीमा प्रहरियों का तालमेल एवं अनुशासन काबिले तारिफ रहा जो इनके द्वारा देश की सीमाओं की हिफाजत के दौरान भी कायम है, जिसके कारण देश की सीमाएं और हम सुरक्षित है। बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स का इतिहास बहुत ही गौरवपूर्ण रहा है चाहे वह अर्न्तराष्ट्रीय सीमा पर हो, देश की अन्तरिक सुरक्षा हों नक्सल विरोधी अभियान में हो एलओसी पर हो या साहिसिक खेलों का क्षेत्र हो हर एक विषम परिस्थिति में बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स देश के लिए अदम्य साहस का प्रदर्शन कर रहा है जिसके लिए ये सभी धन्यवाद के पात्र है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में इनके प्रदर्शन में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रहेगी।



पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा मुझे भी इस अवस्मिरणीय कार्यक्रम का साक्षी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसके लिए मैं अपने आपको गोरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। देश की अग्रिम पंक्ति पर सेवा प्रदान करने वाले सीमा प्रहरियों के साथ मुझे भी बातचीत करने का मौका मिला इनके द्वारा किया गया हैरतअंगेज प्रदर्शन जीवन का एक यादगार समय रहेगा। उन्होने आयोजन के लिए बीएसएफ के कमाण्डेट महेश कुमार नेगी उनके कर्मठ अधिकारी एवं कार्मिकों का आभार व्यक्त करने के साथ-साथ उपस्थित लोगों को अपना अमूल्य समय निकालकर सीमा प्रहरियों के इस कार्यक्रम में शामिल होकर इनका हौसला बढाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने जहां एक और बीएसएफ के बैंड की शानदार प्रस्तुति के लिए सम्मानस्वरूप ₹21000 (इक्कीस हजार रूपये) प्रदान किए वहीं दूसरी ओर उन्होंने डेयर डेविल शो मे प्रर्दशन करने वाले जवानों के साथ साथ शारीरिक रूप से विकलांग प्रथम महिला माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही अमीषा चौहान को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत, मेयर सुनील उनियाल गामा, राजपुर विधायक खजान दास, डोइवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, अपर निदेशक पर्यटन विवेक चौहान, एसीओ एडवेंचर कर्नल अश्वनी पुंडीर एवं बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट प्रमोद जोशी आदि मौजूद थे।

# IAS अधिकारी रामविलास यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज ! मामला आय से अधिक संपत्ति का

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





उत्तराखंड शासन की मंजूरी के बाद आखिरकार प्रदेश के आईएएस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. मामला आय से अधिक संपत्ति का है, लिहाजा इस मामले में विजिलेंस ने जांच करते हुए शासन से मंजूरी लेकर कार्रवाई की है. बता दें लखनऊ विकास प्राधिकरण के पूर्व सचिव वर्तमान में उत्तराखंड के समाज कल्याण विभाग के अपर सचिव हैं.

उत्तर प्रदेश में आय से अधिक मामले को लेकर लगातार कार्रवाई हो रही है. ऐसे ही एक पुराने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड को एक आईएएस अधिकारी से जुड़े दस्तावेज सौंपे थे, जिसके बाद विजिलेंस ने मामले में शासन से अनुमति मांगी थी. अनुमति मिलने के बाद अब मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है. माना जाता है कि तत्कालीन सपा सरकार में रामविलास यादव काफी करीबी अधिकारी थे. बताया जा रहा है कि विजिलेंस की तरफ से इस आईएएस अधिकारी से पक्ष जानने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन विजिलेंस टीम की तरफ से बुलाए जाने के बावजूद भी अधिकारी विजिलेंस कार्यालय नहीं जा रहे थे. जाहिर है कि ये मामला आईएएस अधिकारी से जुड़ा है. ऐसे में शासन से अनुमति लेना जरूरी था. विजिलेंस ने प्रक्रिया को पूरा करते हुए इस मामले में मामला दर्ज किया है.

विजिलेंस टीम ने जांच करने पर अनियमितताओं और आय से अधिक संपत्ति के आरोपों को सही पाया. बताया गया है कि विजिलेंस द्वारा की जा रही जांच में रामविलास यादव ने सहयोग नहीं किया. जिसके बाद अब इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है...

**जल्द बुलाए जाएंगे जांच के लिए**

वरिष्ठ नौकरशाह रामविलास के मुकदमे की जांच शुरू हो गई है। विजिलेंस एसपी ने बताया कि उन्हें जल्द ही बयान दर्ज करने के लिए बुलाया जाएगा। इस मामले में शासन की ओर से भी निकट निगरानी की जा रही है। आने वाले कुछ महीनों में वह सेवानिवृत्त भी होने वाले हैं।

**एलडीए के सचिव व मंडी परिषद में रही तैनाती**

यादव की तैनाती लखनऊ में कई महत्वपूर्ण पदों पर रही। वह एलडीए में बतौर सचिव काफी लंबे समय तक रहे। इसके बाद उनकी तैनात मंडी परिषद अपर निदेशक के पद पर रही। जहां भर्ती घोटाला भी हुआ था। दावा किया जा रहा है कि सपा सरकार के करीबी आईएएस अधिकारियों में शामिल राम विलास यादव ने लखनऊ से लेकर प्रदेश के कई जिलों में करोड़ों रुपये की संपत्ति खड़ी की है।

# बेस्ट गढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी गीतों को मिलेगा लाखों का पुरस्कार : सतपाल महाराज

## महाराज ने विभागीय समीक्षा बैठकों में अधिकारियों दिये गुणवत्तायुक्त, समयबद्ध कार्य के निर्देश






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायतीराज, संस्कृति, धर्मस्व, ग्रामीण निर्माण, जलागम प्रबंधन मंत्री सतपाल महाराज ने अपने अधीनस्थ विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और उनकी समयबद्ध को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ-साथ चेतावनी दी कि विभागीय कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायतीराज, संस्कृति एवं धर्मस्व, मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को गढ़ी कैंट स्थित पर्यटन मुख्यालय में अपने अधीनस्थ पर्यटन, संस्कृति, लोक निर्माण एवं सिंचाई विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक पूर्व में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति की जानकारी लेने के साथ-साथ मानसून की दृष्टि से पूर्व निर्धारित तैयारियों का जायजा लिया और चेतावनी दी कि विभागीय कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पर्यटन अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां रोप वे संभव नहीं है वहां पर फर्नाकुलर रेल की संभावना पर कार्य किया जाए। फ्लोटिंग हाउस के निर्माण की दिशा में कार्य करने के अलावा होमस्टे का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए विंटर टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए और स्टाइल सुपरमॉडल बनाया जाए। निर्माणाधीन शौचालयों में अंकित के तौर पर लाटा-लाटी का प्रयोग किया जाए। मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों से कहा कि महाभारत सर्किट के अंतर्गत कैरावन, कैरावन पार्किंग के लिए यदि भूमि को लीज पर लेने की आवश्यकता है तो लिया जाए। उन्होंने त्रिजुगीनारायण को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की भी बात कही। पर्यटन सचिव को निर्देशित कर उन्होंने कहा कि सतपुली एवं स्यूंसी का कांसेप्ट नोट 15 दिन के अंदर अंदर तैयार सिंचाई विभाग को उपलब्ध करवाया जाए।

समीक्षा बैठक के दौरान सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पूर्व सभी नदियों की ड्रेजिंग करवाने के साथ-साथ बाढ़ चौकियां स्थापित कर लोगों को बाढ़ संबंधित जानकारी की पूर्व सूचना देने की उचित व्यवस्था की जाए।

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने लोनिवि अधिकारियों को आदेश दिए कि मानसून तैयारियों के संबंध में आवश्यक कार्य योजना तैयार कर उन पर तुरंत कार्य किया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्तमान में बड़ी योजनाओं पर किए जा रहे कार्य की प्रगति की जानकारी लेने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्गों में नाली के ऊपर बनाए गए फुटपाथ में पानी की निकासी ना होने पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के भी निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़कों की गुणवत्ता की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि प्रत्येक डायवर्जन के समीप डायरेक्शन बोर्ड लगाए जाएं।

संस्कृति मंत्री महाराज ने संस्कृति विभाग के अधिकारियों द्वारा सांस्कृतिक कलाकारों को पहचान पत्र जारी करने के आदेश संबंधित प्रगति की जानकारी के अलावा संस्कृति विभाग के गढ़ी कैंट में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने भविष्य में ढोल दमाऊ कार्यक्रम कराए जाने की रूपरेखा तथा तिथि के निर्धारण से संबंधित आदेश भी अधिकारियों को दिए।

महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में ललित कला साहित्य कला संगीत नाटकीय कला खोलने हेतु भारत सरकार को शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत संस्कृति विभाग विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को किए जाने की यथाशीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर गढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी गीतों को तैयार करवा सर्वश्रेष्ठ गीतों के लिए प्रथम पुरस्कार ₹200000 द्वितीय पुरस्कार ₹100000 एवं तृतीय पुरस्कार ₹50000 गीतकारों को दिए जाने का प्रावधान किया जाए।

समीक्षा बैठक में पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर, विवेक चौहान अश्वनी पुंडीर, संस्कृति महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, निदेशक बीना भट्ट, एचओडी सिंचाई मुकेश मोहन एवं लोक निर्माण विभाग के एचओडी अयाज अहमद सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालयों में तैनात होंगे हटाये गये कार्मिक

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने अधिकारियों को दिये निर्देश



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कोविड काल में सेवाएं देने वाले कार्मिकों को पुनः राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों के सापेक्ष आउटसोर्स के माध्यम से तैनाती दी जायेगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दे दिये गये हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एसीएमओ से लेकर निदेशक स्तर के रिक्त पदों की शीघ्र डीपीसी कराने को कहा गया है ताकि जिला एवं महानिदेशक स्तर पर लम्बे समय से रिक्त चल रहे विभागीय अधिकारियों के पदों को भरा सके।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने आज सचिवालय स्थित मुख्य सचिव सभागार में विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड काल में सेवाएं देने वाले कार्मिकों को पुनः राज्य के विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों के सापेक्ष आउटसोर्स के माध्यम से तैनाती के निर्देश दिये। डॉ0 रावत ने बताया कि कोविड काल के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी में अस्थाई रूप से तैनात कार्मिकों को 31 मार्च 2022 को हटा दिया गया था, जिसके उपरांत हजारों कार्मिक बेरोजगार हो गये थे। राज्य सरकार ने विषम परिस्थितियों में कोविड काल में अपनी सेवाएं देने वाले ऐसे कार्मिकों को पुनः आउटसोर्स के माध्यम से रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती का निर्णय लिया है। इस संबंध में महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं राजकीय चिकित्सालयों में रिक्त पदों के सापेक्ष हटाये गये कार्मिकों को उनकी योग्यता के अनुसार पुनः तैनाती दी जाय। इस बावत गत 23 मई 2022 को शासन स्तर से शासनादेश भी कर दिया गया था जिसमें सूबे के मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पदों के सापेक्ष हटाये गये कार्मिकों को रखने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में आज एक और शासनादेश जारी किया गया है जिसमें महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों में रिक्त पदों के सापेक्ष बाहर किये गये कार्मिकों को आउटसोर्स के माध्यम से रखने के निर्देश दिये गये हैं। समीक्षा बैठक में विभागीय मंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में लम्बे समय से रिक्त चल रहे एसीएमओ से लेकर निदेशक स्तर के पदों पर शीघ्र डीपीसी करने निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने बताया कि डीपीसी के बाद जिला स्तर पर एसीएमओ की तैनाती से काफी राहत मिलेगी साथ ही महानिदेशक स्तर पर भी विभागीय कार्यों को गति मिलेगी।

■ **महानिदेशालय स्तर पर शीघ्र होगी एसीएमओ से लेकर निदेशक तक की डीपीसी**

बैठक में सचिव स्वास्थ्य राधिका झा, महानिदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ0 शैलजा भट्ट, अपर सचिव चिकित्सा शिक्षा अरूणेन्द्र सिंह चौहान, अपर सचिव स्वास्थ्य गरिमा रौकली सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# IPL 2022 का किताब गुजरात टाइटंस के नाम, हार्दिक पांड्या ने फाइनल में हासिल की खास उपलब्धि








**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आईपीएल 2022 के फाइनल में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस के सामने 131 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे हार्दिक की टीम ने 18.1 ओवर में तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 130 रन बनाए। राजस्थान के लिए फाइनल में गुजरात के कप्तान हार्दिक ने मुश्किलें खड़ी कर दीं। उन्होंने फाइनल मैच में गेंदबाजी की और आईपीएल इतिहास का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

हार्दिक ने मैच में चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने 4.20 की इकोनॉमी से रन दिए। हार्दिक ने सबसे पहले जोस बटलर को विकेटकीपर रिद्धिमान साहा के हाथों कैच कराया। फिर राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को साई किशोर के हाथों कैच कराया। इसके बाद हार्दिक ने शिमरोन हेटमायर को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। बटलर 39 रन, सैमसन 14 रन और हेटमायर 11 रन बना सके। इस तरह हार्दिक ने सबसे अहम मैच में विपक्षी टीम के सबसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। 17 रन देकर तीन विकेट उनके आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

**गुजरात के चैंपियन बनते ही पत्नी नासा ने हार्दिक को गले से लगाया**

आईपीएल को पांच साल बाद नया चैंपियन मिला है। गुजरात टाइटंस की टीम ने 15वें सीजन के फाइनल में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हरा दिया। गुजरात की टीम ने जैसे ही विनिंग रन बनाया, बॉलीवुड एक्ट्रेस नताशा स्टैनकोविक दौड़ते हुए मैदान पर आईं और पति हार्दिक पांड्या को गले से लगा लिया और भावुक भी हो गईं।

# बदरी-केदार और यमुनोत्री में सात श्रद्धालुओं ने तोड़ा दम, अब तक हो चुकी है 112 यात्रियों की मौत


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गोपेश्वर(चमोली)। बदरी-केदार व यमुनोत्री दर्शनों को आए सात श्रद्धालुओं की सोमवार को हृदयाघात से मौत हो गई। इनमें से तीन ने बदरीनाथ और दो-दो ने केदारनाथ व यमुनोत्री धाम में दम तोड़ा। इसी के साथ ऋषिकेश समेत चारों धाम में हृदयाघात से मरने वालों की संख्या 112 पहुंच गई है। इनमें सबसे ज्यादा 50 श्रद्धालुओं की मौत केदारनाथ धाम में हुई।

जानकारी के अनुसार, बदरीनाथ दर्शनों को पहुंचे वाराणसी (उत्तर प्रदेश) निवासी प्यारी देवी (71), बेंगलुरु (कर्नाटक) निवासी मुरलीधरण (66) और अहमदाबाद (गुजरात) निवासी आल्का नायक (50) सीने में दर्द की शिकायत के बाद चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उधर, रुद्रप्रयाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीके शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ धाम में गुजरात निवासी प्रसुख लाल नटूरा लाल (66) और बारां (राजस्थान) निवासी रामप्यारी (80) की मौत हुई।

इसके अलावा यमुनोत्री दर्शनों को जा रहे अहमदाबाद (गुजरात) निवासी कनु भाई पटेल (70) ने भैरव मंदिर के पास दम तोड़ा। जबकि, सिकंदराबाद (आंध्र प्रदेश) निवासी पीवी मोहन शंकर (67) की मौत दर्शनों के बाद यमुनोत्री मंदिर परिसर में हुई।





केदारनाथ में यात्रियों का मौत का सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। प्रतिदिन एक के बाद एक यात्री की मौत हो रही है। सोमवार को भी दो और यात्रियों की मौत हुई है। जिसमें 66 वर्षीय प्रसुख लाल नटूरा लाल निवासी प्लाट 238, श्रीगारीपुर, गुजरात और 80 वर्षीय रामप्यारी निवासी तहसील बारन, जिला बारन राजस्थान की मौत हो गई। केदारनाथ यात्रा पर अब तक 51 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीके शुक्ला ने बताया कि सोमवार को दो और यात्रियों की मौत हुई है। सोमवार को गौरीकुंड से केदारनाथ तक 1673 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अब तक ओपीडी के माध्यम से 47424 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। सोमवार को 111 यात्रियों को आक्सीजन उपलब्ध कराया गया। अब तक 1437 यात्रियों को आक्सीजन उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# देहरादून में कार के शीशे तोड़ पिस्तौल का लाइसेंस और सामान चोरी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। एमडीडीए स्थित ट्रांसपोर्टनगर में खड़ी कार के शीशे तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने पिस्तौल का लाइसेंस व नकदी चोरी कर ली। पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शिकायतकर्ता ट्रांसपोर्टनगर एमडीडीए निवासी गौरव चौहान ने पुलिस को बताया कि रविवार रात को उन्होंने अपनी कार एमडीडीए ट्रांसपोर्टनगर में पार्क की थी। रात 12 बजे किसी ने कार के शीशे तोड़ दिए और कार से सामान चोरी कर दिया। उन्होंने कुछ व्यक्तियों पर शक जताया है। पुलिस ने दमन व हन्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रायपुर स्थित रांझावाला में चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रायपुर एसओ अमरजीत रावत ने बताया कि तीन माह पहले कमलेश प्रसाद मनवाल ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था।

इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि एक आरोपित तीन माह से फरार चल रहा था। एसआइ कमलेश गौड़ और नरेंद्र चौधरी ने आरोपित नंद ग्राम आश्रम रोड थाना नंद ग्राम जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सुरेश कुमार उर्फ जैकी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।



चोरों ने फैक्ट्री और घर से हजारों रुपये का सामान समेट लिया। चोरों ने अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उप्र के थाना गंगोह क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव निवासी कोमल सैनी ने गंगनहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनकी सलेमपुर राजपुताना गांव के पास पानी की मोटर बनाने की फैक्ट्री है। उन्होंने बताया कि रोहित नाम का एक युवक कुछ दिन पहले अपने तीन साथियों के साथ उनकी फैक्ट्री में घुस गया था। उसने हजारों रुपये का सामान समेट लिया था। उसे फैक्ट्री के कर्मचारियों ने ऐसा करते देखा था। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

वहीं दूसरी तरफ गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के सालियर गांव निवासी फूल कुमार के घर से भी 25 मई को चोरों ने गैस सिलिंडर, मोबाइल चोरी कर लिया। माल लेकर फरार होते आरोपित को स्वजन ने पहचान लिया। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी गई।

# एक फोटोग्राफर के लिए दुल्हन ने दूल्हे को जयमाल नहीं डाला, ऐसा भी होता है

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

यूपी के कानपूर से एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है... दरअसल दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया है क्योंकि दूल्हा फोटोग्राफर साथ लाना भूल गया था... यह पहली घटना नहीं है जब दूल्हन के ऐसे बोल सामने आए हो.. . पिछले कुछ हफ्तों में कई दुल्हनों ने अपने दूल्हे से शादी करने से मना कर दिया क्योंकि या तो वह नशे में आए थे,या गंजे थे...


**क्या है पूरा मामला ?**


घटना रविवार की है जब कानपुर के मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान की बेटी की शादी भोगनीपुर के रहने वाले एक शख्स से तय हुई थी. यह घटना उस दौरान हुई जब 'जयमाला' समारोह के लिए मंच को खूबसूरती से सजाया गया था. जब 'बारात' आई तो दुल्हन के परिवार ने स्वागत किया और दूल्हा और दुल्हन जयमाला समारोह के लिए मंच पर पहुंचे.

**फोटोग्राफर न आने पर किया शादी से इनकार**

हालांकि, दुल्हन ने महसूस किया कि यादगार पलों को कैद करने के लिए कोई फोटोग्राफर नहीं है और इसके बाद समारोह में भाग लेने से इनकार कर दिया.बाद में वह मंच से अपने पड़ोसी के घर चली गई. सभी ने लड़की को समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन उसने कहा कि जिस आदमी ने आज हमारी शादी की परवाह नहीं की, वह भविष्य में मेरी देखभाल कैसे करेगा ?

परिवार के बुजुर्गों ने भी उसे समझाने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ.






इसके बाद मामला थाने पहुंचा, जहां दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से दिए गए पैसे व कीमती सामान वापस करने पर सहमति जताई. मंगलपुर थाने के सब-इंस्पेक्टर डोरी लाल ने कहा कि मामले को आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है. उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को दिया गया सामान और नकद वापस कर दिया. इसके बाद दूल्हा बिना दुल्हन के अपने पैतृक स्थान के लिए निकल गया.



# मंत्री सौरभ बहुगुणा के दौरे से हड़कंप खच्चरों की स्वास्थ्य जांच शुरू





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड के चार धाम यात्रा में बीते कुछ दिनों से गौरीकुंड सोनप्रयाग और केदारनाथ के बीच पैदल मार्ग पर चल रहे खच्चरों और घोड़ों की मौत एक बड़ा मसला बन गई । तमाम सामाजिक संगठनों और राजनैतिक दलों ने खच्चरों की मौत और यात्रा मार्ग में फैली अव्यवस्था को मुद्दा बनाया । इस दौरान सरकार की जमकर किरकिरी हुई , धामी सरकार के खिलाफ जमकर बयानबाजी सुनाई दी , इन सब के बीच पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी सभी विभागों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही से अगर चार धाम यात्रा की ब्रांडिंग और सरकार की छवि पर गलत असर पड़ता है और यात्रियों को तकलीफ होती है तो सभी गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही होगी। इन सबके बीच उपचुनाव में व्यस्त धानी कैबिनेट के युवा पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा तक इस अफरातफरी की सूचना पहुंची और उन्होंने आनन-फानन में सोनप्रयाग से गौरीकुंड का अर्जेंट दौरा किया । घोड़ों और खच्चरों के संचालकों से मुलाकात की और ग्राउंड पर ही पशु अधिकारियों को बेहद सख्त लहजे में बता दिया। उन्होंने कहा कि धामी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता चार धाम यात्रा की सफलता है , क्योंकि इस विश्व प्रसिद्ध यात्रा पर सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर है और पीएम मोदी लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। ऐसे में उत्तराखंड सरकार बेहद संजीदगी और गंभीरता के साथ यात्रा को संपन्न कराने के लिए संकल्पबद्ध है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के इस तल्ख़ और कड़े तेवरों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के तोते उड़ा दिए जो अधिकारी लापरवाही और ढिलाई बरत रहे थे उनके माथे पर पसीना आ गया , और चंद घंटों में ही घोड़े और खच्चरों की स्वास्थ्य जांच भी शुरू हो गई । लिहाजा सोमवार को बड़ी संख्या में सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच घोड़े और खच्चरों के स्टॉपेज पॉइंट्स पर पशु चिकित्सा अधिकारियों ने बड़ी संख्या में निरीक्षण अभियान शुरू किया और लगभग 300 पशुओं के हेल्थ चेकअप किए , जिसमें 11 से ज्यादा खच्चर अस्वस्थ और यात्रा मार्ग पर चलाए जाने के लिए अनुपयुक्त पाए गए... इसके बाद ऐसे खच्चर मालिकों पर सख्त कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। सवाल यह उठता है कि क्या सरकार और विभागीय मंत्री की सख्ती के बाद ही इन गैर जिम्मेदार अधिकारियों की नींद खुलती है ? और क्या बिना किसी सख्त कार्यवाही की डर गए यह अधिकारी बेलगाम और निरंकुश हो जाते हैं ? अगर ऐसा न होता तो बीते कुछ दिनों में चार धाम यात्रा को लेकर जिस तरह की नकारात्मक खबरें पहाड़ से दिल्ली तक पहुंची है और खुद प्रधानमंत्री कार्यालय ने रिपोर्ट तलब की , पूर्व कैबिनेट मंत्री मेनका गांधी ने पर्यटन मंत्री

## संपादकीय

# प्रशंसनीय अभियान

भारत में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान तथा स्वास्थ्य सेवा में तकनीक के व्यापक उपयोग के उल्लेखनीय परिणाम हमारे सामने हैं. बिल गेट्स ने इन प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए कहा है कि दुनिया के लिए इनमें कई सबक हैं. बहुत समय से गेट्स भारत समेत कई देशों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े हुए हैं, इसलिए उनकी प्रशंसा महत्वपूर्ण है. पिछले वर्ष जनवरी के मध्य में प्रारंभ हुआ टीकाकरण अभियान एक अभूतपूर्व कार्यक्रम है और आधुनिक इतिहास में इतने बड़े पैमाने पर कहीं टीकाकरण नहीं हुआ है. यह भी उल्लेखनीय है कि इसमें देश में ही निर्मित टीकों का इस्तेमाल हुआ है. अब तक वयस्क आबादी के 88 प्रतिशत हिस्से को दोनों खुराक दी जा चुकी है. स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, करीब 1.9 अरब खुराक दी जा चुकी है. इसमें एक अरब पहली खुराक तथा लगभग 89 करोड़ दूसरी खुराक है. बारह साल से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति टीका ले सकता है तथा महामारी से चल रही लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में खड़े कर्मियों एवं बुजुर्गों को बड़ी संख्या में बूस्टर डोज भी दिया जा चुका है. अब तक 33.3 करोड़ से अधिक ऐसी खुराक दी जा चुकी है. वर्तमान में देशभर में 43 हजार से अधिक केंद्रों पर टीकाकरण चल रहा है, जिनमें 41.4 हजार से अधिक सरकारी तथा 1619 निजी केंद्र हैं. इस अभियान के तहत अधिकतर लोगों को मुफ्त टीका दिया गया है. कोविन वेबसाइट तथा आरोग्य सेतु एप ने कोरोना की रोकथाम में अहम भूमिका निभायी है, जिसे बिल गेट्स ने रेखांकित किया है. इन तकनीकी पहलों के जरिये लोगों को महामारी से जुड़ी हर जानकारी मिलती रही है तथा जांच और टीकाकरण का भी सही हिसाब रखना संभव हो पाया. केंद्र और राज्य सरकारों ने इन स्रोतों से संग्रहित जानकारी के आधार पर फोन और कर्मियों द्वारा भी लोगों से संपर्क रखा. समय-समय पर लोगों से फोन के माध्यम से जानकारियां दी गयीं तथा उन्हें टीका लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया. कोरोना काल में तकनीक का एक बड़ा लाभ यह हुआ कि लोगों को घर बैठे चिकित्सकों से परामर्श मिलता रहा. बीते 24 घंटे में संक्रमण के 2,828 नये मामले सामने आये हैं और 14 लोगों की मौत हुई है. भले ही कोरोना पर काबू पा लिया गया है, पर अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है. ऐसे में टीकाकरण अभियान तथा संबंधित तकनीकी प्रयासों की उपयोगिता बनी हुई है. पिछले कुछ वर्षों से देशभर में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार हुआ है तथा स्वास्थ्य सेवा में भी तकनीक के इस्तेमाल पर बल दिया जा रहा है. कोरोना काल के संकट से निपटने में हमें इसका लाभ मिला है. महामारी के अनुभवों के साथ हम भविष्य में ऐसी किसी विकराल चुनौती का सामना करने के लिए सक्षम हैं. यदि अन्य देश भी भारतीय मॉडल से सीख लेते हैं, दुनिया कहीं अधिक सुरक्षित हो सकती है.

# किसान नेता राकेश टिकैत के ऊपर फेंकी गई स्याही, चंद्रशेखर के समर्थकों पर आरोप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में किसान नेता राकेश टिकैत के ऊपर स्याही फेंकी गई है। प्रेस वार्ता के दौरान धक्का मुक्की के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद राकेश टिकैत के समर्थकों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई भी कर दी। वहीं इस घटना के बाद कार्यक्रम में जमकर एक दूसरे के ऊपर कुर्सियां फेंकी गईं। ताजा जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

चंद्रशेखर के समर्थकों पर आरोप

बताया जा रहा है कि ये स्याही स्थानीय किसान नेता के चंद्रशेखर के समर्थकों ने फेंकी है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि जब प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने टिकैत से पूछा कि किसान नेता चंद्रशेखर को लेकर आपका क्या कहना है। इसपर जवाब देते हुए टिकैत ने कहा कि हमारा उससे कोई लेना-देना नहीं है। बस इतना सुनते ही चंद्रशेखर के समर्थक भड़क गए और टिकैत पर स्याही फेंक दी।



टिकैत और चंद्रशेखर के समर्थकों के बीच चलीं कुर्सियां

स्थानीय मीडिया के अनुसार टिकैत पर स्याही फेंकने के बाद उनके समर्थकों ने शख्स को पकड़ लिया। इसके बाद चंद्रशेखर के समर्थक और राकेश टिकैत के समर्थक के बीच जमकर कुर्सियां चलने लगीं। दोनों ओर से हाथापाई की भी खबर है।

# उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक गर्मी व उमस ने किया बेहाल



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। उत्तराखंड में सोमवार को गर्मी और उमस ने मैदान से लेकर पहाड़ तक बेहाल किया। हालांकि, मंगलवार को अधिकांश पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई है। जबकि, मैदानों में गर्मी अभी और सताएगी। अगले कुछ दिन मैदानी इलाकों में मौसम न सिर्फ शुष्क बना रहेगा, बल्कि अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी होगी।

सोमवार को प्रदेश में उमस आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा महसूस की गई। सबसे अधिक तापमान ऊधमसिंह नगर में 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद देहरादून में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ।

पर्यटन नगरी नैनीताल और मसूरी में भी अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। दून में दिनभर लोग गर्मी और उमस से परेशान रहे। शहर के प्रेमनगर, बिधौली, एफआरआइ क्षेत्र में शाम को चार बजे के बाद हवा चलने पर राहत महसूस की गई। वहीं, चारधाम की ऊंची चोटियों में बादल छाए रहे, जबकि निचले इलाकों में हल्के बादलों के साथ धूप खिली रही।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार आने वाले 24 घंटों में चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, चम्पावत, उत्तरकाशी में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है।

मैदानी क्षेत्रों देहरादून, हरिद्वार, रुड़की व ऊधमसिंह नगर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

एमडीडीए स्थित ट्रांसपोर्टनगर में खड़ी कार के शीशे तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने पिस्तौल का लाइसेंस व नकदी चोरी कर ली।

सोमवती अमावस्या के स्नान के दौरान जल पुलिस एवं आपदा राहत दल ने त्रिवेणी घाट पर अलग-अलग समय हुई डूबने की घटनाओं में कुल तीन व्यक्तियों को डूबने से बचाया गया।

पुलिस के मुताबिक डूबने से बचाए गए लोगों में महाराष्ट्र धुनिया निवासी सुनील बिरारी , राजस्थान जयपुर निवासी निशांत जैन, सूरज शर्मा शामिल हैं। उक्त युवक त्रिवेणी घाट पर नहाते समय तेज बहाव की चपेट में आकर बहने लगे जिस पर तत्काल कार्यवाही कर जल पुलिस व आपदा राहत दल के सदस्यों ने इनको बचा लिया।

# राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की एक और सूची, यूपी-एमपी और कर्नाटक में इन्हें मिला टिकट

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए एक और सूची जारी कर दी है। इसमें उत्तर प्रदेश के लिए दो, मध्यप्रदेश और कर्नाटक के लिए एक-एक उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी गई है। सूची में उत्तर प्रदेश से मिथिलेश कुमार और डॉ. के लक्ष्मण को टिकट दिया गया है। इसके अलावा मध्यप्रदेश से सुमित्रा वाल्मीकि और कर्नाटक से लहर सिंह सिरोया को प्रत्याशी बनाया गया है।

इससे पहले भाजपा ने रविवार को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत 10 राज्यों से 18 लोगों को उम्मीदवार बनाया था। इस सूची में सबसे ज्यादा छह उम्मीदवार उत्तर प्रदेश से थे। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को महाराष्ट्र और निर्मला सीतारमण को कर्नाटक से उम्मीदवार बनाने का एलान किया था।

दरअसल, 15 राज्यों की 57 सीटों पर 10 जून को चुनाव होने हैं। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिन राज्यों की राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होने हैं, उनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड शामिल हैं।

**किस राज्य की कितनी सीटों पर चुनाव होने हैं?**

उत्तर प्रदेश से 11 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल जुलाई में खत्म हो रहा है। इन सांसदों में भाजपा के पांच सदस्य, समाजवादी पार्टी के तीन, बसपा के दो और कांग्रेस के एक सांसद हैं।

बिहार से चुने गए पांच राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल भी पूरा हो रहा हैं। इसमें आरजेडी की मीसा भारती, भाजपा नेता सतीश चंद दुबे और गोपाल नारायण सिंह के अलावा जदयू के राम चंद्र मिश्रा शामिल हैं। इसके अलावा एक और सीट शरद यादव के पास थी।

झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, हरियाणा, पंजाब की दो-दो सीटों पर चुनाव होंगे।

ओडिशा, मध्य प्रदेश की तीन-तीन, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की चार-चार सीटों पर नए सदस्य चुने जाने हैं।

महाराष्ट्र, तमिलनाडु की छह-छह और उत्तराखंड की एक सीट पर चुनाव होंगे।



# ज्ञानवापी सर्वे का वीडियो लीक होना बड़ी साजिश

वाराणसी, एजेंसी। ज्ञानवापी मामले में सर्वेक्षण की रिपोर्ट और वीडियो की सीडी पक्षकारों को सौंपने के कुछ देर बाद ही रिपोर्ट लीक हो गई। सर्वे के वीडियो भी वायरल हो गए। इस मामले के सामने आने के बाद हिंदू पक्ष ने इससे पल्ला झाड़ लिया है और दावा किया कि सर्वे के वीडियो को किसी ने वायरल कर दिया है। इससे बहुत बड़ी साजिश की बू आ रही है। उन्होंने अपने चारों लिफाफे भी दिखाते हुए कहा कि लिफाफे अभी तक सील बंद हैं और वह इसे मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर देंगे।

हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन और सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि उन लोगों को जो लिफाफा मिला है, उसे अभी तक खोला नहीं गया है। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि वीडियो कैसे लीक हो गया। कहा कि अब हम लोग अपने सभी लिफाफे मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर देंगे। अब हम कोर्ट से इस बारे में शिकायत करेंगे। अदालत में शपथपत्र देने के बाद हिंदू पक्ष की तरफ से वादी पक्ष की पांच में से चार महिलाओं को सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट की सीडी मिली थी। बताया जा रहा है कि शपथ पत्र नहीं देने के कारण दूसरे पक्ष को अभी रिपोर्ट या सीडी नहीं मिली है।

मुस्लिम पक्ष के वकील अभय नाथ यादव ने कहा कि कोर्ट के मना करने के बाद भी वीडियो कैसे वायरल हो गया। यह आश्चर्य और जांच का विषय है और दुस्साहस की बात है कि कोर्ट के मना करने के बाद भी वीडियो को वायरल किया जा रहा है। जिसके-जिसके कस्टडी में यह वीडियो रखा गया है, वह सभी जांच के दायरे में हैं। जनमानस को भ्रमित करने के लिए वीडियो को वायरल किया जा रहा है और जनमानस में अशांति फैलाने की साजिश है। वीडियो लीक करना और सार्वजनिक करना अदालत के आदेश की भी अवहेलना है। इस पर अदालत में अपनी बात रखी जाएगी और शिकायत की जाएगी।



# कोल्लम में दो बसों की टक्कर में 57 घायल, 15 लोगों का अस्पताल में चल रहा इलाज

कोल्लम (केरल), एजेंसी। केरल के कोल्लम जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक पर्यटक बस की केएसआरटीसी की बस से टक्कर हो गई। इसमें कम से कम 57 लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कोल्लम ग्रामीण क्षेत्र के चितारा थाना क्षेत्र के कुलथुप्पुझा-मदाथरा मार्ग पर शाम करीब 7.45 बजे हुई।

राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि दुर्घटना में घायल हुए 42 लोगों को सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, तिरुवनंतपुरम में भर्ती कराया गया है, जबकि मामूली रूप से घायल हुए 15 लोगों का इलाज कडक्कल के एक अस्पताल में चल रहा है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि एक घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है। आगे, मंत्री ने कहा कि अस्पताल के डॉक्टरों को घायलों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही घायल व्यक्तियों और उनके परिवारों की सहायता के लिए, मेडिकल कॉलेज में एक नियंत्रण कक्ष खोला गया है।




दैनिक न्यूज वायरस
न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक : मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002
email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा